पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ
प्रेस–विज्ञप्ति
विभिन्न थाना क्षेत्रों से वांछित में 01 अभियुक्त गिरफ्तार।

दिनांक–14.09.2021

दिनांक 13/14–09–2021 को रात्रि थाना गौतमपल्ली 01 अभियुक्त गिरफ्तार। इस प्रकार वांछित में कुल 01 अभियुक्त गिरफ्तार।

डी0सी0पी0 दक्षिणी

अवैध शराब के साथ गिरफ्तार।

थाना काकोरी:–दिनांक 13–09–2021 को एस0आई0 श्री जितेन्द्र कुमार थाना काकोरी द्वारा अभियुक्त 01–रामचन्द्र पुत्र महावीर निवासी जलियामऊ थाना काकोरी लखनऊ को कठिंघरा अण्डर पास काकोरी से गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे 48 अदद (करीब 8.64लीटर) विन्डीज अवैध शराब बरामद कर थाना काकोरी पर अभियोग पंजीकृत किया गया।

डी0सी0पी0 पश्चिमी

सट्टा खेलते समय गिरफ्तार।

थाना बाजारखाला:–दिनांक 13–09–2021 को एस0आई0 श्री नन्दू सिंह थाना बाजारखाला द्वारा अभियुक्त 01–राम कुमार राठौर पुत्र स्व0 बाबू राम राठौर निवासी दरियापुर एवररेडी चौराहा थाना बाजारखाला लखनऊ को रूपये की हारजीत की बाजी लगाकर सट्टा पर्ची द्वारा सट्टा खेलते/खेलवाते समय सार्वजनिक स्थान कृष्णा स्वीट्स हाउस के बगल स्थित खाली प्लाट मील एरिया, बाजारखाला से गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से 16 अद्द सट्टा पर्ची, एक अद्द मोबाइल व 1430/–रूपये बरामद कर थाना बाजारखाला पर अभियोग पंजीकृत किया गया।

भा0द0वि0

थाना अलीगंज:–दिनांक 14–09–2021 को थाना अलीगंज द्वारा बताया गया कि कौशल किशोर पुत्र डोरीलाल निवासी शेखापुर, अलीगंज थाना अलीगंज लखनऊ ने थाना अलीगंज पर सूचना दिया कि आज दिनांक 14–09–2021 को उसके पुत्र दीपक ने घर के आंगन के छत में लगे लोहे के ऐंगल में दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। **इस सूचना पर एस0आई0 श्री अखिलेश कुमार मो0नं0–9598204904 द्वारा आवश्यक वैद्यानिक कार्यवाही की जा रही है।** जिनके द्वारा बताया गया कि घटना दिनांक 13/14–09–2021 की रात्रि की है और घर वालो को जानकारी प्रातः हुई है। मृतक के दो पुत्र है मृतक ई–रिक्शा चलाता था।

थाना काकोरी:–दिनांक 14–09–2021 को थाना काकोरी द्वारा बताया गया कि श्री नरेन्द्र कुमार पुत्र हनुमान निवासी ग्राम जेहटा थाना काकोरी लखनऊ ने थाना काकोरी पर सूचना दिया कि उसका भाई अरविन्द कुमार जो शालीमार गार्डेन आई0आई0एम0 रोड़ लखनऊ पर काम करता था और दिनांक 13–09–2021 को प्रातः काम करने गया तथा करीब 11.00 बजे दिन में अपने घर वापस आया, उसके बाद 11.30 बजे घर पर बिना बताये कही चला गया था, रात्रि को घर वापस न आने पर रिश्तेदारियो में पता किया लेकिन कही पता नही चला। आज दिनांक 14–09–2021 को समय करीब 07.30 बजे प्रातः पता चला कि उसके भाई अरविन्द की मोटर साइकिल बाग में खड़ी है इस सूचना पर वह बाग की तरफ गया तो देखा कि उसके भाई अरविन्द उम्र करीब 25 वर्ष ने बाग में स्थित नीम के पेड़ में गमछे के सहारे फांसी लगा लिया है, जिससे उसकी मृत्यु हो गयी है। इस सूचना पर महिला एस0आई0 आकांक्षा सिंह द्वारा आवश्यक वैद्यानिक कार्यवाही की जा रही है। जिनके द्वारा बताया गया कि घटना स्थल मृतक के घर के करीब 01 किमी दूरी मल्लाहा चौराहे ग्राम जेहटा के पास स्थित बाग की है। मृतक के एक पुत्री है।